# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 16.05.2025 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार,

- रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह ने कहा –ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।
- शिक्षा केवल ज्ञान की डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है–कहा राज्यपाल ने।
- प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन जारी, इन्दौर में मुख्यमंत्री हुए शामिल।
- अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना।

### राजनाथ भुज दौरा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा है कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है। गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद के खिलाफ एक कडा संदेश दिया है और भारत की सैन्य शक्ति तथा तैयारियों को दर्शाया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

### ज्ञानपीठ पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में संस्कृत के विद्वान स्वामी रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 का 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। स्वामी रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू कवि तथा गीतकार गुलज़ार को 2023 के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने दोनों साहित्यकारों को बधाई दी।

### दीक्षांत समारोह

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा केवल ज्ञान की डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। समाज के लिए उपयोगी और सक्षम व्यक्ति बनाना भी है। भोपाल के राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की अंधी भाग–दौड़ में युवा जीवन

के आनंद से वंचित हो रहे हैं। जरूरी है कि युवा प्रकृति के साथ सह–जीवन की दिनचर्या को अपनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा करते हुए कहा है कि इस प्रतिष्ठित संस्थान में अर्जित ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करें। इस दौरान राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय के पी.एच.डी. उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

तिरंगा यात्रा – प्रदेश

भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर में आज शाम तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी शामिल हुए।

नर्मदापुरम में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई । तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रसिद्ध नर्मदा तट सेठानी घाट पहुंची। यह यात्रा राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और भारतीय सेना के सम्मान को समर्पित थी। कटनी में भी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें धन्यवाद देना था। वहीं गुना,पन्ना, और खंडवा में कल भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री जवान उपचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में मॉक ड्रिल के दौरान घायल हुए उपचाररत जवानों से आज अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के चिकित्सकों को इन जवानों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों को इन जवानों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये है।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे WhatsApp

नंबर  94065 23035  पर अपने नाम और स्थान के  साथ भेज दीजिए।  हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे।_नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

आईये अब सुनते हैं बालाघाट के तिलोक चन्द का ये संदेश।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस

आज 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' है। डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने और इसकी गंभीरता को ध्यान में रखते हुए ही हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू दिवस का उद्देश्य डेंगू के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना और रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने डेंगू दिवस पर नागरिकों से जागरुकता और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। गुना जिले में जिला स्वास्थ्य समिति एवं सेवा भारती के सहयोग से डेंगू के कारण और बचाव' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल संरक्षण के लिये जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में कुएं, बावड़ियां, तालाब, जलाशय एवं नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।  अभियान में ग्राम पंचायतों, स्कूलों, आंगनवाड़ियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की भागीदारी से इन जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। छिंदवाड़ा जिले में नगर निगम द्वारा जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का काम शुरु किया गया है। नीमच जिले मनासा में  अभियान के तहत आज वृंदावन गार्डन तालाब में जन सहयोग से जल संवर्धन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## मौसम

प्रदेश में नमी के साथ आ रही हवाओं से विभिन्न जिलों में बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की एक्टिविटी है। इस वजह से बारिश और आंधी चल रही है। अगले दो–तीन दिन में गर्मी का असर भी बढ़ेगा। उत्तरी हिस्से में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

प्रदूषण मुक्त

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली झीलों एवं तालाबों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा संरक्षण एवं संवर्धन योजना चलाई जा रही है। योजना में अब तक 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों की योजनाओं के लिये 74 करोड़ रूपये की राशि अनुदान के रूप में जारी की जा चुकी है। योजना में नगरीय क्षेत्रों में झीलों एवं तालाबों की सीमा में होने वाले कटाव को रोकने संबंधी कार्य, झीलों एवं तालाबों के आस–पास बाउंड्रीवॉल बनाने, सघन पौधरोपण, लैम्प और फव्वारों की स्थापना के लिये नगरीय निकायों को राज्य शासन की ओर से अनुदान राशि दी जा रही है।

समाचार संक्षेप में

- नीमच जिले में खसरा ई–केवाईसी, समग्र, जैसे लक्ष्यों की पूर्ति के लिए 14 मई से चार दिवसीय तक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।
- शिवपुरी जिले में एक निजी दुकान पर डीएपी खाद का स्टॉक मिलने के बाद जिला प्रशासन की टीम ने दुकान को सील किया है।
- छिंदवाड़ा ftys esa प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत तुअर के पंजीयन की अंतिम तारीख 15 मई से बढ़ाकर 30 मई कर दी गई है।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारतीय सेना के सम्मान में कल 17 मई शनिवार को शहडोल नगर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

..............................